Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 29-01-2022 | अंक 127

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com


# रसोइया धमना टॉल कर्मियों के आरोप को टॉल प्रबंधक ने बताया निराधार, 700 रुपये मासिक पर मिलता है दो टाइम भोजन

## टॉल प्रबंधक ने प्रेस बयान जारी कर मानदेय एवं अन्य सुविधाओं को किया सार्वजनिक

## टॉल कर्मी टॉल संचालन में करें सहयोग, उनके साथ कभी नही होगी नाइंसाफी : पी के कौशिक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

बरही रसोइया धमना टॉल कर्मियों के द्वारा पाथ इंडिया लिमिटेड कंपनी पर मानदेय कटौती सहित लगाए गए अन्य आरोपों के जबाब में प्रेस बयान जारी कर कंपनी ने आरोप को निराधार एवं बेबुनियाद बताया है। टॉल प्रबंधक पीके कौ. शिक ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि टॉल में तीन तरह के लोग काम करते हैं। सभी का मानदेय निर्धारित है। शिफ्ट इंचार्ज को 15000 रुपये, सुपरवाइजर को 13000 एवं टीसी को 11000 रुपये मासिक दिए जा रहे है। बिना सच्चाई जाने लोग झूठ एवं भ्रम फैला रहे हैं। टॉल प्रबंधक पी के कौशिक ने बताया कि एनएचएआई के नियमानुसार 109 लोगो को ही टॉल पर रखना था। लेकिन स्थानीय लोगों के मांग पर 132 लोगों को कंपनी ने रखा है और उन्हें रोजगार मुहैया करा रही है। इसके बाद भी कुछ लोगों के बहकावे में आकर विरोध कर रहे हैं। भोजन में कटौती पर अपनी बात रखते हुए टॉल प्रबंधक ने बताया कि मात्र 700 रुपए के मासिक शुल्क लेकर दो टाइम का खाना टॉल कर्मियों को दिया जाता है। इसमे चावल, दाल, सब्जी, रोटी, एवं हरी सब्जी का मेनू शामिल रहता है। फिर भोजन में कटौती का आरोप समझ से परे हैं। मानदेय कटौती पर अपनी बात रखते हुए पीके कौशिक ने कहा कि किसी के भी मानदेय में कटौती नही किया गया है। भ्रम फैलाया जा रहा है। कहा कंपनी के नियमानुसार मानदेय में बढ़ोतरी होती रहेगी। सभी को सहयोग करनी चाहिए। टॉल सैकड़ो लोगों का रोजगार का साधन है। इसे सफलता पूर्वक संचालित करने में सभी को सहयोग करनी चाहिए। उन्होंने टॉल कर्मियों से अपील की है कि वे विरोध का रास्ता छोड़कर टोल संचालन में प्रबंधन को सहयोग करें। साथ ही कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार देना उनकी प्रा. थमिकता है। इसके लिए कंपनी के मापदंड को जल्द लागू किया जाएगा। स्थानीय लोगो को पूर्व की भांति एनएचएआई के गाइड लाइन के अनुसार छूट जारी रहेगी।




रसोईया धमना टॉल प्लाजा

## न्यूज ब्रिफ

### बाइक के चपेट में आने से महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइवः चौपारण**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत डुमरी निवासी कविता देवी उम्र 26 वर्ष पति राजेश कुमार सड़क पार करने के दौरान बाइक के चपेट में आ गई। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि आस पास के लोगो ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।



### छत से गिरकर वृद्ध महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**

बरही थाना अंतर्गत बरसोत निवासी गिरिजा देवी उम्र 55 वर्ष पति दुखी यादव छत से गिरकर घायल हो गई। जानकारी मिलने पर आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।



### बिजलीं करंट लगने से युवक की मौत

**अपेम लाइव : बरही**

खोड़ाहर पंचायत के दौरवा निवासी नागेंद्र एक्का (40) पिता घेरगा एक्का की मौत बिजलीं करंट के चपेट में आने से हो गई। जानकारी के मुता. बिक मृतक तालाब में मतस्य पालन का काम करता था। मछली निकालने के लिए बिजलीं चालित मोटर लगाकर पानी सूखा रहा था। इस दौरान मोटर से लगा बिजलीं का तार उसके शरीर पर गिर गया। जिससे उसके शरीर करंट के चपेट में आ गया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। उन्हें तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां मौके पर मौजूद डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उन्हें जांच कर मृत घोषित कर दिया। वे अपने पीछे पत्नी एवं चार बच्चीयों को छोड़ गए। नागेंद्र एक्का के निधन पर वीना उरांव, गणेश यादव, रंजीत चंद्रवंशी, समाजसेवी रामचन्द्र यादव, बिमला देवी, बिरजू पासवान, अनिल यादव, छोटेलाल यादव सुमन एक्का, कविता देवी, मनोज रजक , श्री रजक, सरपंच कुलदीप सिंह, अमित सिंह, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।









Our Partners

ICICI Lombard, TATA AIG, Liberty General Insurance, HDFC ERGO, Future Generali, digit, care, Royal Sundaram, Oriental Insurance, New India Assurance, Chola MS

सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

**आज का पंचांङ्ग –**

आज का अंग्रेजी दिनांकरू–30.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
सौम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शिशिर
माहः---माघ
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---त्रयोदशी तिथि दिन 03:25 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि
दिनः---रविवार
नक्षत्रः---पू.षा.नक्षत्र
योगः---हर्षण
करणः---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:35
सूर्यास्त : संध्या 05:25
सूर्य :---मकर राशि में
चंद्रमा :---धनु राशि मे
आज का राहूकाल संध्याः---04:30 बजे से संध्याः---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ करने से शाशन प्रशासन मे रुका हुवा कार्य शीघ्र होता है।



**आलेख :---**
**संदीप शर्मा**
**(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)**
**पुजारी---माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा**
**सम्पर्क सूत्र–9931585660**

# कोबरा उग्रवादियों से लोहा लेने के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का भी करती है निर्वहन : राजीव सिंह

## सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत 520 लोगों को कम्बल, मच्छरदानी, स्कूल बैग, और फुटबॉल किट का वितरण किया



कम्बल ,मच्छरदानी ,बैग व फुटबॉल किट का वितरण करते अधिकारीगण





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

कोबरा वाहिनी 203 बरही के सिविल एक्शन प्रोग्राम के तहत शनिवार को बरही प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत के मां मनसा मंदिर के प्रांगण में कम्बल, मच्छरदानी, बैग किट, फुटबॉल किट सहित कई सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोबरा कमांडेंट राजीव कुमार सिंह, डिप्टी कमांडेंट भूपेंद्र पाल शर्मा, परितेंद्र रा. जपूत, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सह सीओ बरही अरविंद देवाशीष टोप्पो, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद सदस्या मंजू देवी, पु.नि. सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, समाजसेवी कविता कुमारी, अनुज सिंह एवं अमित सिंह उप. स्थित रहे। कार्यक्रम में 235 कम्बल, 235 मच्छरदानी, 50 स्कूल बैग सहित ज्युमेट्री बॉक्स, पेंसिल, रबर, कटर, दो कॉपी, वाटर बोतल के अलावा दो टीम को फुटबॉल किट दिया गया। जिसमें बूट, जर्सी, नेट, फुटबॉल, मास्क उपलब्ध कराया गया। इस बाबत कोबरा कमांडेंट राजीव सिंह ने कहा कि हम सभी भारत सरकार के कार्यपालिका के अंग है, सरकार द्वारा आपके हितों के लिए विकास के कार्यो को सुचारू रूप से करवाना उनका दायित्व है, चूंकि कोई भी विकास का कार्य तब तक संभव नही है जब तक देश एवं समाज में शांति एवं अनुशासन का माहौल न हो, इसलिए हमलोग देशवासियो को बाहरी एवं आंतरिक असामाजिक तत्वों से सुरक्षा प्रदान करने के कार्य में जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि जवान भी समाज के ही अंग होते है, उन्हें सम्मान से ज्यादा किसी चीज की जरूरत नही होती है। कहा कि लोगों के बीच भाईचारगी का माहौल बनी रहें, इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि निश्चित रूप से कोबरा 203 वाहिनी द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर क्षेत्र की जनता से मित्रवर संबंध बनाने का पहल किया जाता रहा है, जो सराहनीय है। बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि कोबरा 203 का यह सराहनीय प्रयास है, जो उन्होंने हमे बाहरी ताकतों से बचाने के साथ क्षेत्र के गरीब जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने का भी कार्य कर रहे है। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि जब से कोबरा बरही व झारखण्ड में स्थापित हुआ है, तब से नक्सलवाद पर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है एवं आज झारखंड में नक्सलियों पर काफी हद तक अंकुश लगाया गया है। कहा कि हमलोगों को भी इनका सहयोग मिले, हमलोगों के बीच मधुर संबंध बने। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम का अयोजन किया गया है, जिससे क्षेत्र के कई जरूरतमंदों को सामग्री उपलब्ध कराया। सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि कोबरा का प्रयास सराहनीय है। वहीं बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कोबरा वाहिनी ने शुरुआत से अबतक जवानों व लोगों के बीच सामंजस्य बनाने का काम किया है। उन्होंने उनके कार्यो की काफी प्रशंसा की। मौके पर उपकमांडेंट प्रितेन्द्र राजपूत, सामा. जिक कार्यकर्ता अनुज सिंह, सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव, रमेश चन्द्र गुप्ता, घनश्याम कुमार, हवलदार शिव कुमार, ब्रजेश, रवि दहिया, हवलदार ब्रजेश सिंह, शिव कुमार, हवलदार के. नरसैया, हवलदार एम. रामामोहन रेड्डी, सिपाही देवेंद्र कुमार, सिपाही वेलेरियस कुजूर, राजन कुमार, सरपंच कुलदीप सिंह, राजेश कुमार, रामगोपाल, रमेश कुमार, पंकज कुमार, रघुवीर सिंह, पंकज कुमार स्वाइन, मनीष कुमार, विनोद टी.पवार, जीडी–रॉबिन बेसरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी  फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

पुरहरा मोड, रसोईया धमना, बरही

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## 30 को बिजली व्यवस्था को ले निकलेगी मशाल जुलूस, पूर्व विधायक ने की बैठक

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



बैठक मे शामिल पुर्व विधायक व अन्य

बरकट्ठा डीवीसी द्वारा बिजली आपूर्ति में हो रही कटौती को लेकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में विधुत समस्या से संबंधित बैठक भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद की अध्यक्षता में की गई संचालन बेडो. कला भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेंदर यादव ने किया । मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव थे बेठक में बरकट्ठा प्रखण्ड के सभी 17 पंचायत से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर अपनी समस्याओ को रखा । पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बैठक में कहा कि बिजली समस्या को लेकर पूर्व से ही आंदोलन का शुरुवात मे. रमगट्ठा से डुगडुगी बजाकर किया हूँ। बिजली में व्याप्त गड़बड़ी व हेमन्त सरकार एवं डीवीसी के द्वारा विद्युत कटौती की जा रही है। इसलिये बिजली नही तो बिल नही, इन सब मुद्दा को लेकर आंदोलन की शुरुवात हो चुकी है। आज दोपहर तीन बजे भव्य मशाल जुलुस निकाला जाएगा जिसमे बड़ी संख्या में लोग रहेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोहर चौधरी, किशोर मोदी, अजय यादव, राजकुमार नायक, महेंद्र प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, राजेन्द्र यादव, मनोज कुमार, बिनोद पा. सवान,मनोज यादव चिंता देवी,बिजय सिंह,दिलीप कुमार, अशोक नायक,धानेश्वर यादव,अमित यादव,रोहित यादव, कन्हैय यादव देवचंद यादव, जगेश्वर पासवान,लेखराज प्रसाद, धूर्प नरायण पा. सवान,रवि पासवान संतोष शर्मा बीरेंदर राणा ,कार्तिक महतों, रामचन्द्र अलाउद्दीन मियां राजकुमार चौधरी, रा. जकुमार गिरि अर्जुन प्रसाद,विजय चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोग उप. स्थित थे।

## बिरनी प्रखंड के बलिया पंचयात में भाकपा माले ने मिना बाजार मोड़ के पास प्रतिरोध मार्च निकला।

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



प्रतिरोध मार्च मे शामिल लोग

धनवार प्रखंड के ग्राम झलकडीहा में जगीरा खातून और नाजिया परवीन के हत्यारों की गिरफ्तार क्यों नहीं हुवा पुलिस प्रशासन जबाब दो, उनके हत्यारों को अविलम गिरफ्तार करो, और उनके हत्यारों को फांसी दो, के सरीखे नारे लगाये गये, इस प्रतिरोध मार्च का नेत्रिक्त भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य मुस्तकीम अंसारी, इंकलाबी नवजवान सभा गिरिडीह जिला कमिटी सदस्य मो इरफ़ान अंसारी और कमरुल अंसारी ने किया प्रतिरोध मार्च मिना बाजार मोड़ पर हुवा। भाकपा माले बलिया ब्रांच कमिटी सदस्य सगीर अंसारी अल्लाहउद्दीन अंसारी जलील अंसारी सद्दाम अंसारी सरफराज अंसारी सलामत अंसारी जाकिर अंसारी हाकिम अंसारी नूर मोहम्मद जितेंद्र मंडल आदि शामिल हुवे ।

## नक्सलियों का फिर से तांडव, टावर के ओडीसी बॉक्स में लगाया आग

**अपेम लाइवः गिरीडिह**



गिरिडीह तिसरी थाना के खतपोक पंचायत अंतर्गत भोगतादिह गांव में शुक्रवार देर रात को जीओ टावर के ओडीसी बॉक्स में नक्सलियों ने तेल छिड़क कर आग लगा कर जला दिया ।ऐसी बात ग्रामीणों में चर्चा हो रही थी जिससे आठ से दस लाख रुपये का नुकसान हो गया है ।सूचना मिलने पर शनिवार को तिसरी पुलिस व जिओ के नेटवर्क टीम पहुंच कर जांच में जुटी है। बताया जाता है कि भोगतादिह गांव के मनु यादव के जमीन पर जिओ टावर लगी हुई है ।शुक्रवार देर रात नो बजे टावर में आग जलते हुए देखा ।जिससे काफी डर गया ।इसकी सूचना जिओ कंपनी व पुलिस को दिया ।जिओ टावर के पास नक्सली द्वारा वारदात करने के बाद एक भी पत्र नही छोड़ा गया है ।हालांकि इस घटना से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है ।वर्षो बाद नक्सली द्वारा इस तरह की घटना करने से लोग काफी सकते में है ।बता दे कि कुछ दिन पुर्व खतपोक गांव में सरकारी भवन निर्माण कर रहे संवेदक को नक्सलियों द्वारा लेवी मांगने का पर्चा छोड़ा गया था। इस घटना के संबंध में इंस्पेक्टर परमेश्वर लेयांगी ने कहा कि टावर में आग लगने शाट सर्किट से हो सकता है या असमाजिक लोंग भी कर सकते हैं । पुलिस जांच कर रही है।

## प्रशासन ने बरकट्ठा चौक से सब्जी दुकानों व बाजार रोड से हटाया अतिक्रमण को हटाया

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**


बरकट्ठा चौक से दुकान हटवाते सीओ व थाना प्रभारी

बरकट्ठा चौक पर पिछले दिनों सब्जी दुकानों को हटवाने को लेकर लगातार मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी इसी निमित बरकट्ठा सीओ श्रीकांत मांझी एवं बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार के नेतृत्व में बरकट्ठा चौक पर सड़क पर लगाये गए सभी सब्जी दुकानो को हटाया गया सभी दुकानदारों को साप्ताहिक हाट परिसर में दुकान लगाने का निर्देश दिया गया मौके पर अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी ने सभी फुटपाथ दुकानदारों एवं सब्जी बेचने वालों से कहा कि आप लोग रोड़ पर नहीं बैठें बल्कि बाजार में बैंठें। अगर जो भी सब्जी बेचने रोड पर बैठेंगे तो उन्हें बल पूर्वक हटाया जाएगा ।साथ ही दुकान में रखे समानो को जब्त भी किया जाएगा ज्ञात हो बरकट्ठा चौक पर इन दुक. ानों के कारण बराबर जाम की समस्या रहती थी जिससे लोग परेशान थे अतिक्रमण हटाने के दौरान मौके पर एएसआई नसीम अख्तर एवं कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बदल गई सूरत पांडेय व नावा पोखर तालाब की पांच दिनों तक चला श्रमदान अभियान

### अब दोनों तालाब की मेढ़ पर होगा पौधा रोपण

**अपेम लाइवः ईचाक**



तालाब की साफ सफाई करते लोग



प्रखंड के दो ऐतिहासिक तालाबों की साफ–सफाई के साथ सुंदरीकरण किया गया। स्वयंसेवी संस्था भारतीय जनजाति केंद्र और गूंज नई दिल्ली के सहयोग से महालक्ष्मी बड़ा अखाड़ा के निकट पांडे पोखर और नावा पोखर में पांच दिनों तक जल स्वच्छता अभियान चला। यह दोनों तालाब ऐतिहासिक है, रामगढ़ के पूर्ववर्ती महाराज शिवनाथ सिंह ने 1778–1808 के बीच परासी और कुटुमसुकरी गांव में मठ–मंदिर, बाग–बगीचा के साथ सैकड़ों तालाब का निर्माण करवाया था, जिसमें पाण्डेय पोखर और नावा पोखर भी है। इन दोनों तालाबों में काफी गंदगी फैला हुआ था, पानी प्रदूषित होने के कारण मवेशी भी जल नहीं पी पा रहे थे। भारतीय जन जागृति केंद्र के अध्यक्ष उमेश प्रताप के पास परासी गांव के कुछ लोग आए और दोनों तालाब की साफ सफाई करवाने का आग्रह किया। उन्होंने तत्काल इस पर पहल करते हुए ग्रामीणों की बैठक करवा कर श्रमदान के बलबूते पांडेय व नावा पोखर की सफाई करवाने का निर्णय लिया। 5 दिनों तक ग्रामीणों ने श्रमदान देकर दोनों तालाब की जल और चारों ओर फैली गंदगी की सफाई करवा कर उपयोग योग्य बना दिया। गांव के लोग अब इन दोनों तालाब पर स्नान ध्यान करने लगे है। परासी में मवेशियों के लिए भी यह तालाब काफी कारगर साबित हुआ है। नाव वा पोखर के पास परंपरागत तरीके से बांस की चौकी और महिलाओं के लिए एक ड्रेसिंग रूप बनाया गया है। जिसकी काफी तारीफ हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा है कि तालाब की इस तरह से सफाई की जाएगी। ग्रामीणों ने भारतीय जन जागृति केंद्र और गूंज संस्था के पहल की तारीफ की है।। श्रमदान में लगे 55 महिला पुरुषो को संस्था की ओर से राशन कीट उपलब्ध कराया गया। किट पैकेट में चावल, आटा, दाल, नमक, चना, गरम कपड़ा, कंबल, रस्सी, मच्छ. रदानी आदि है दिया गया है। इस मौके पर भारतीय जनजाति केंद्र के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि जो राशन कीट दिया जा रहा है वह मेहनताना नहीं है, लोगों को अपनी जवाबदेही के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए के लिए यह राशन कीट दिया गया है। गांव के लोग अगर अन्य कोई दूसरा कार्य जो सामूहिक हित से जुड़ा होगा उसमें संस्था भरपूर सहयोग करेगी। उन्होंने गूंज संस्था के संस्थापक अंशु गुप्ता, झारखंड बिहार उड़ीसा के स्टेट हेड सुरेश कुमार, अजीत कुमार की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इन दोनों तालाबों की मेढ़ पर लोग मल –मूत्र त्याग नहीं करें इसकी स्वच. छता पर लोग ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आसपास के अन्य तालाबों की भी साफ–– सफाई की जाएगी। इस मौके पर गूंज संस्था के प्रतिनिधि सन्नी कुमार, भारतीय जनजाति केंद्र के महेश वैध, प्रदीप कुमार, गजेंद्र कुमार राजेंद्र सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शहीद दिवस पर 12 घंटे का सामूहिक उपवास कार्यक्रम

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर रविवार को सर्वोदय समाज के राष्ट्रीय संयोजक एवं एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी व्ही के निर्देश पर देशभर में कार्यकर्ताओं द्वारा 12 घंटे उपवास का सामूहिक उपवास कार्यक्रम आहूत है। इसे लेकर विष्णुगढ़ के जमुवा गांव में उपवास कार्यक्रम किया जाएगा। जिला संयोजक चुनुलाल सोरेन ने बताया कि देश में घृणा और नफरत को मिटाकर परस्पर प्रेम, भाईचारा, शांति और विश्वास का वातावरण निर्माण करने हेतु एवं कोविड–19 पीड़ित लाखों लोगों के बेहतर स्वास्थ्य कामना को लेकर सामूहिक उपवास किया जाएगा।

APEM LIVE

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता

बड़कागांव प्रखंड में संगठन की मजबूती को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद किस्को ने बड़कागांव दौरा किया इस दौरान बड़कागांव मुख्य चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा अन्य कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने कहा कि संगठन की मजबूती को लेकर दौरा किया गया पंचायत स्तर पर पंचायत को मजबूत किया जाएगा। मौके पर उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ,अल्पसंख्यक जिला सचिव सफीउल्लाह अंसारी, प्रखंड सचिव बासुदेव यादव, अशोक गुप्ता, राजेश ठाकुर ,पवन तुरी, टेकलाल प्रजा. पति एवं अन्य झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता शामिल थे।

## ठाकुर मोहल्ला का शमशान जाने वाली मार्ग नाली में तब्दील

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



जर्जर रोड से गुजरते अंतिम संस्कार में शामिल ग्रामीण

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत मध्य पंचायत के ठाकुर मो. हल्ला का शमशान घाट एवं कब्रिस्तान जाने वाली मार्ग इन दिनों बद से बदतर हो गई है। रोड में पैदल चलना भी ग्रामीणों को मुश्किल हो गया है । उक्त मार्ग में नाली का व्यवस्था नहीं होने के कारण ठाकुर मोहल्ला का पानी इसी रास्ते से होकर खुले में बह रहा है। जिससे रोड में कीचड़ एवं गंदा पानी से हमेशा भरा रहता है। उक्त जर्जर मार्ग से आवागमन कर रहे हैं लोगों को दुर्गंध एवं मच. छरों का सामना करना पड़ता है। अन्य दिनों के अलावा स्थानीय लोगों के लिए समस्या तब बड़ी हो जाती है जब ग्रामीणों को उक्त मार्ग से शव की अंतिम संस्कार के लिए गुजरना पड़ता है ।बताते चलें कि 2 दिन पहले ठाकुर मोहल्ला निवासी सरजू ठाकुर की पत्नी 65 वर्षीय कुसुम देवी का दे. हांत हो गया। अंतिम संस्कार के लिए लोग उमड़े और इसी गंदे पानी , कीचड़ भरे मार्ग से होकर लोगों को गुजरना पड़ा। यह स्थिति पिछले कई वर्षो से जस की तस बनी हुई है। लोगों ने मुखिया से जल्द से जल्द सड़क किनारे नाली बनाने एवं सड़क की मरम्मत की मांग की है। पंचायत के मुखिया मीरा देवी के प्रतिनिधि विष्णु रजक ने कहा कि ग्राम सभा में योजना को ले लिया गया है राशि आवंटन होते ही नाली का निर्माण करा दिया जाएगा।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढ़स



सांत्वना देते पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**

हजारीबाग के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा शनिवार को विष्णुगढ़ पहुंचे। विष्णुगढ़ में मांडू विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा को पुत्र वियोग पर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर शोक जताया और परिजनों को सांत्वना दी।